**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *195**
05.08.2024 को उत्तर के लिए

**शेट्टीहल्ली वन्यजीव क्षेत्र की सीमाओं की पुन: अधिसूचना**

***195. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कर्नाटक में शेट्टीहल्ली वन्यजीव क्षेत्र की सीमाओं को पुन: अधिसूचित करने और शिमोगा निर्वाचन क्षेत्र में पारिस्थितिकीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र बनाए जाने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री**
**(श्री भूपेन्द्र यादव)**

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"शेट्टीहल्ली वन्यजीव क्षेत्र की सीमाओं की पुन: अधिसूचना" के संबंध में श्री बी. वाई. राघवेन्द्र द्वारा दिनांक 05.08.2024 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *195 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ग): मंत्रालय को कर्नाटक सरकार से शेट्टीहल्ली वन्यजीव अभयारण्य की सीमाओं को परिवर्तित करने हेतु एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति(एससीएनबीडब्ल्यूएल) ने उस प्रस्ताव पर विचार किया और उसकी समीक्षा की तथा राज्य सरकार द्वारा अनुपालन किए जाने हेतु अनुशंसाएं जारी की।

राज्य सरकार द्वारा अभी एससीएनबीडब्ल्यूएल की अनुशंसाओं का अनुपालन किया जाना शेष है।

******